KEVIN PARK का बयान, **Santa Clara नगर परिषद सीट ५** से **सदस्य** के प्रत्याशी
पेशा: वैज्ञानिक, इंजीनियर, टीचर
शिक्षा व योग्यताएं:
Santa Clara शहर में २० साल से रहते हुए, मैंने शिक्षा और पड़ोस को सुधारने के लिए काम किया है |

शहर को वापस सादा व सरल बनाने केलिए किसी रॉकेट वैज्ञानिक की ज़रुरत नहीं | मगर अगर कभी इस प्रकार की ज़रुरत हुई, तो मैं उसे सफलतापूर्वक संभाल लूंगा | मैंने कैलटेक से एयरो/ एस्ट्रोनॉटिक्स में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री, और स्टैनफोर्ड से मास्टर ऑफ़ साइंस की डिग्री प्राप्त की हैं | मुझे मालूम है कि शिक्षा हमारे लिए कितनी महत्वपूर्ण है, और इसलिए मैंने अपना जीवन छात्रों की मदद करने के लिए समर्पित किया है |

मैंने Santa Clara के काउंटी ऑफिस ऑफ़ एजुकेशन की सहायता से आर्टस्पिरेशन फॉर द आर्ट्स एंड एजुकेशन कौंसिल के निर्माण में मदद की | एक स्थानीय कॉलेज का अध्यापक होने के नाते मैं प्रोग्रामिंग और रचनात्मकता की कक्षाओं में पढ़ाता हूँ |

Santa Clara सिस्टर सिटीज एसोसिएशन का पूर्व बोर्ड का सदस्य रहते हुए, मैंने अपने शहर को विशाल विश्व समुदाय के साथ जोड़ने में मदद की है |

Santa Clara के जनरल प्लान स्टीयरिंग समिति का सदस्य रहते हुए मैंने रहने योग्य समुदाओं को सहारा देने के लिए एक चरणबद्ध जनरल प्लान बनाने में मदद की थी |

सिटीजन्स एडवाइजरी समिति के चेयर के पद पर रहते हुए मैंने समाज की आवाज़ को बढ़ावा दिया है | मैंने 900 Kiely, Santa Clara Square, और 2525 El Camino पर किफायती आवास उपलब्ध करवाने जैसी परियोजनाओं में बहुत करीब से काम किया है|

ज़्यादा लोगों के साथ ज़्यादा आवाज़ |
http://www.kevinpark.org